# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नए अस्थायी देश

**स्रोत: संयुक्त राष्ट्र**

## चर्चा में क्यों?

संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने **बहरीन, कोलंबिया, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC), लातविया और लाइबेरिया को 1 जनवरी, 2026** से शुरू होने वाले 2 वर्ष के कार्यकाल हेतु संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के **गैर-स्थायी सदस्यों** के रूप में चुना **है।**

- वे **डेनमार्क, ग्रीस, पाकिस्तान, पनामा, सोमालिया** (वर्ष 2024 में निर्वाचित, वर्ष 2026 तक सेवारत) में शामिल हो जाएंगे।
- इसके अलावा, **पाकिस्तान को वर्ष** 2025 के लिये UNSC 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति **का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया है और वह परिषद के **गैर-स्थायी सदस्य** के रूप में वर्ष 2025-26 के कार्यकाल के दौरान UNSC आतंकवाद-रोधी समिति **के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य करेगा।**

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) क्या है?

- संयुक्त **राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC), जिसकी स्थापना वर्ष 1945** में **संयुक्त राष्ट्र चार्टर** के तहत की गई थी, **संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों में से एक है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने की प्राथमिक ज़िम्मेदारी** सौंपी गई है।
- परिषद में **15 सदस्य** हैं, जिनमें **5 स्थायी सदस्य (P5) - चीन, फ्राँस, रूस, यूनाइटेड किंगडम एवं संयुक्त राज्य अमेरिका** (जिनके पास वीटो शक्ति है) और **10 गैर-स्थायी सदस्य** हैं, जिन्हें **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल के लिये चुना जाता है।**
- ये अस्थायी सीटें **क्षेत्रीय आधार पर आवंटित की जाती हैं:** अफ्रीकी और एशियाई राज्यों के लिये 5, पूर्वी यूरोपीय राज्यों के लिये 1, लैटिन अमेरिकी एवं कैरेबियाई राज्यों के लिये 2 तथा पश्चिमी यूरोपीय व अन्य राज्यों के लिये 2।
- चुनाव **प्रतिवर्ष गुप्त मतदान** के माध्यम से आयोजित किये जाते हैं, जिसमें **दो-तिहाई बहुमत** की आवश्यकता होती है, भले ही उम्मीदवार निर्विरोध हों।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एकमात्र ऐसा संयुक्त राष्ट्र निकाय है, जिसके **निर्णयों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत लागू करना सदस्य देशों के लिये अनिवार्य है।**
- सुरक्षा परिषद में भारत की भागीदारी **वर्ष 1950-51, 1967-68, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-12 और 2021-22** की अवधि के दौरान एक गैर-स्थायी सदस्य के रूप में रही है।

# संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UN Security Council-UNSC)

*संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बनाए रखने का उत्तरदायित्व UNSC में*

**परिचय**

- संयुक्त राष्ट्र के **6 प्रमुख अंगों में से एक; संयुक्त राष्ट्र चार्टर** द्वारा **1945 में स्थापित**

**मुख्यालय**

- न्यूयॉर्क सिटी

**पहला सत्र**

- **17** जनवरी, **1946** को चर्च हाउस, वेस्टमिंस्टर, **लंदन** में

**सदस्यता**

- 15 सदस्य- **5** स्थायी सदस्य **(P5)**, **10 गैर-स्थायी सदस्य दो साल के कार्यकाल** के लिये चुने गए (प्रत्येक वर्ष **5** का चुनाव किया जाता है)
- **P5- अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्राँस और चीन**

**UNSC की अध्यक्षता**

- **15** सदस्यों के बीच **प्रत्येक माह बारी-बारी से**
- वर्ष **2022** के लिये **भारत की अध्यक्षता-दिसंबर**

**मतदान शक्तियाँ**

- **1** सदस्य = **1** मत/वोट
- **P5** देशों को वीटो शक्ति प्राप्त है वीटो पावर है
- **UN** के ऐसे सदस्य जो **UNSC** के सदस्य नहीं हैं, **मतदान के अधिकार के बिना** इसके सत्र में भाग लेते हैं

**UNSC समितियाँ/प्रस्ताव**

- **आतंकवाद:**
  - **संकल्प 1373** (आतंकवाद रोधी समिति)
  - **संकल्प 1267** (दाएश और अल कायदा समिति)
- **अप्रसार समिति:**
  - **संकल्प 1540** (परमाणु, रासायनिक और जैविक हथियारों के विरुद्ध)

**भारत और UNSC**

- **गैर-स्थायी सदस्य के रूप में 7 बार सेवा; 2021-22** में **8**वीं बार चुना गया; **स्थायी सीट की मांग**
- **स्थायी सीट के लिये तर्क:**
  - **43 शांति मिशन**
  - **मानवाधिकार घोषणा (UDHR)** को तैयार करने में सक्रिय भागीदारी
  - भारत की **जनसंख्या, क्षेत्रीय आकार, सकल घरेलू उत्पाद, आर्थिक क्षमता, सांस्कृतिक विविधता, राजनीतिक प्रणाली** आदि।

**G4**- चार देशों (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) का समूह जो UNSC में स्थायी सीटों के लिये एक-दूसरे की दावेदारी का समर्थन कर रहे हैं

**"मतैक्य के लिये मिलकर काम करना" आंदोलन (Uniting for Consensus-UfC Movement)**

- अनौपचारिक रूप से इसे कॉफी क्लब के रूप में जाना जाता है
- देश UNSC स्थायी सीटों के विस्तार का विरोध करते हैं
- समूह के प्रमुख देश-इटली, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, दक्षिण कोरिया, अर्जेंटीना और पाकिस्तान
- इटली और स्पेन जर्मनी की दावेदारी का; पाकिस्तान- भारत की दावेदारी का; अर्जेंटीना-ब्राजील की दावेदारी का और ऑस्ट्रेलिया-जापान की दावेदारी का विरोध कर रहे हैं

**United Nations Security Council**

Composition through 2022




**UNSC के समक्ष बड़ी चुनौतियाँ**

- संयुक्त राष्ट्र के सामान्य नियम UNSC विचार-विमर्शों पर लागू नहीं होते हैं; बैठकों का कोई रिकॉर्ड नहीं रखा गया है
- UNSC में पावरप्ले; P5 की अराजकतावादी वीटो शक्तियाँ
- P5 के बीच गहन ध्रुवीकरण; लगातार मतभेद प्रमुख निर्णयों को अवरुद्ध करता है
- विश्व के कई क्षेत्रों का अपर्याप्त प्रतिनिधित्व

## 1988 तालिबान प्रतिबंध समिति क्या है?

- **परिचय:** इसे **UNSC 1988 प्रतिबंध समिति** के नाम से भी जाना जाता है। यह समिति **संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के प्रस्ताव 1988 (2011) के तहत स्थापित की गई थी।**
  - इसमें **UNSC के सभी 15 सदस्य** शामिल होते हैं। यह समिति **सर्वसम्मति** से निर्णय लेती है और **विश्लेषणात्मक समर्थन एवं प्रतिबंध निगरानी टीम** द्वारा सहायता प्राप्त करती है।
- **अधिदेश:** इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों एवं संगठनों के विरुद्ध **लक्षित प्रतिबंधों** (जैसे- संपत्ति फ्रीज करना, यात्रा प्रतिबंध एवं हथियारों का बहिष्कार) को लागू करना तथा उनकी निगरानी करना है, जो तालिबान से जुड़े हैं और अफगानिस्तान की **शांति, स्थिरता व सुरक्षा** के लिये खतरा हैं।
- **अध्यक्षता:** भारत ने **दिसंबर 2021** तक इस समिति की अध्यक्षता की थी।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधक समिति (CTC) क्या है?

- **परिचय: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आतंकवाद निरोधक समिति (CTC)** की स्थापना **प्रस्ताव 1373** के माध्यम से की गई थी, जिसे अमेरिका में **9/11 आतंकवादी हमलों** के बाद वर्ष **2001** में सर्वसम्मति से पारित किया गया था।
- **सदस्य:** यह समिति संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के सभी 15 सदस्य देशों (5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्यों) से मिलकर बनी है।
- **अधिदेश: संकल्प 1373 के कार्यान्वयन की निगरानी और प्रोत्साहन करना,** जो सदस्य राज्यों को निम्नलिखित प्रतिबद्धताएँ करता है:
  - **आतंकवाद के वित्तपोषण को अपराध मानना और संबंधित संपत्तियों को ज़ब्त करना,**
  - आतंकवादियों को **वित्तीय और सामग्री समर्थन देने से मना करना,**
  - आतंकवादी समूहों के लिये **सुरक्षित ठिकाने, प्रशिक्षण और सहायता** को रोकना,
  - आतंकवादी गतिविधियों पर जानकारी साझा करके **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा** देना।
- **वर्ष 2025 का अध्यक्ष:** वर्ष **2025** में **अल्जीरिया CTC की अध्यक्षता** करेगा, जबकि **फ्राँस, रूस और पाकिस्तान उपाध्यक्ष** के रूप में

कार्य करेंगे।

- **भारत** ने वर्ष **2022** में **CTC की अध्यक्षता** की थी, जो उसके वर्ष **2021–22 के UNSC कार्यकाल** के दौरान था और उसने **पाकिस्तान द्वारा UN-निर्धारित आतंकवादियों को आश्रय** देने की चिंता को सक्रिय रूप से उजागर किया था।




## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

***??????????***

**प्रश्न. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 5 स्थायी सदस्य होते हैं और शेष 10 सदस्य महासभा द्वारा कितनी अवधि के लिये चुने जाते हैं? (2009)**

(a) 1 वर्ष
(b) 2 वर्ष
(c) 3 वर्ष
(d) 5 वर्ष

**उत्तर: (b)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/new-non-permanent-countries-to-unsc